Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Munshiram Shri

>

Title : Regarding need to provide stoppage of express trains Nos. 5209, 5210 and 4315, 4316 at Nagina railway station, Uttar Pradesh.

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से अपने कई पत्रों द्वारा अनुरोध कर चुका हूं कि मेरे गृह नगर नगीना रेलवे स्टेशन पर दो एक्सप्रेस ट्रेन नं0 5209, 5210 एवं 4315, 4316 के ठहराव किये जायें, जिसकी इस क्षेत्र के व्यापार मंडलों एवं सामाजिक संगठनों द्वारा बराबर मांग की जा रही है। नगीना कुटीर उद्योगों एवं हैंडीक्राफ्ट उद्योग का एक बड़ा केन्द्र है, जिससे काफी विदेशी मुद्रा प्राप्त होती है। इस इलाके में सिक्ख परिवारों की संख्या भी काफी है। पंजाब एवं लखनऊ चार जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन एवं तीन जोड़ी ट्रेन हरिद्वार-देहरादून जाने हेतु ठहरती हैं। उपरोक्त एक जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन पंजाब एवं एक जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेन हरिद्वार की दिशा में जाने वाली है जबकि प्र ाातः 4.30 बजे से रात्रि 10.30 तक केवल मात्र 18 घंटे में दो जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव है।

अतः जिन ट्रेनों के ठहराव की जनता मांग कर रही है उनका समय इन ट्रेनों के मध्य में है, जिसके ठहरा व से सभी व्यक्तियों को लाभी मिलेगा।